

# नीमच जिले ने दो वर्षों में विकास के नए आयाम स्थापित किए : प्रभारी मंत्री निर्मला भूरिया

- मेडिकल कॉलेज, नगरीय विकास, उद्योग सहित विभिन्न क्षेत्रों में प्राप्त की उल्लेखनीय उपलब्धियां
- दो वर्षों की उपलब्धियों पर आधारित पुस्तक का किया विमोचन
- प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक एवं प्रेस वार्ता संपन्न

**नीमच।** महिला एवं बाल विकास विभाग तथा जिले की प्रभारी मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक एवं प्रेस वार्ता आयोजित की गई। इस अवसर पर राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने पर नीमच जिले में अब तक किए गए विकास कार्यों, योजनाओं की प्रगति तथा उपलब्धियों की विस्तार से जानकारी दी गई। इस दौरान प्रभारी मंत्री एवं अतिथियों ने विकास एवं सेवा के दो वर्ष सरकारी की उपलब्धियां पर आधारित पुस्तकें का विमोचन किया।

इस दौरान विधायक जावद श्री ओमप्रकाश सखलेचा, नीमच विधायक दिलीप सिह परिहार, मनासा विधायक अनिरूद्ध मारू, जिला पंचायत अध्यक्ष सज्जनसिह चौहान, न.पा.अध्यक्ष स्वाति चौपड़ा, जनपद अध्यक्ष शारदाबाई धनगर,जिला अध्यक्ष वंदना खण्डेलवाल, कलेक्टर हिमांशु चंद्रा,जिला पंचायत सीईओ अमन वैष्णव, एडीएम श्री बी.एस.कलेश सहित सहित सभी जिलाधिकारी, समिति के सदस्यगण, पत्रकार गण मौजूद थे।

प्रभारी मंत्री सुश्री भूरिया ने कहा कि विगत दो वर्षों में नीमच जिले में धार्मिक, पर्यटन, औद्योगिक, कृषि, स्वास्थ्य, शिक्षा, नगरीय एवं ग्रामीण विकास के क्षेत्रों में उल्लैखनीय उपलब्धियां हासिल की गई हैं।

प्रभारी मंत्री सुश्री भूरिया ने कहा, कि राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से नीमच जिला निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर है तथा आने वाले समय में जिले को विकास के नए शिखर पर पहुंचाया जाएगा।

जिला सलाहकार समिति की बैठक में सदस्य हेमंत हरित, आदित्य मालू, बंशीलाल राठौर, मधुसुदन खण्डेलवाल, बगदीराम गुर्जर, सत्यनारायण बडोले, डॉ.मनीष चमडीया, श्री सुनील शर्मा, नरेन्द्र पाटीदार, श्री भगतराम पाटीदार आदि भी उपस्थित थे।



### प्रेसवार्ता के महत्वपूर्ण बिंदू

–नीमच जिला सौर ऊर्जा के हब के रूप में हुआ विकिसित
–बड़ी कवई में 300 मेगावाट क सौर प्लांट से हो रहा है बिजली का उत्पादन
–नीमच को मिली 350 करोड़ लागत के मेडिकल कॉलेज भवन की सौगात एमबीबीएस की 100 सीटों पर नीमच मे हो रही है मेडिकल की पढ़ाई
–जिले में 150 एम .एस .एम .ई उद्योग स्थापित – 118 करोड़ का हुआ पूँजी निवेश, 1096 व्यक्तियों को मिला रोजगार
– 11 वृद्धद औद्योगिक ईकाईयॉ हो रही है स्थापित , 5269 करोड़ का पूजी निवेश प्रस्तावित , 4935 लोगों को मिलेगा रोजगार
–जावद क्षेत्र ने आर्टिफिशियल इंटिलिजेंस की शिक्षा का किया नवाचार, 1400 विद्यार्थी ले रहे है ए .आई . की शिक्षा। डिजिटल शिक्षा में भी जावद ने बनाई पहचान।
–मनासा में 100 बिस्तरीय नवीन सिविल अस्पताल की मिली सौगात। क्षेत्रवासियों को मिल रही है, स्थानीय स्तर पर बेहतर स्वास्थ सेवाएं।

प्रभारी मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा, कि नीमच जिला सौर ऊर्जा के हब के रूप में देश एवं प्रदेश में पहचाना जाने लगा है। जिले की सिंगोली तह. के गांव बड़ी कवई में 300 मेगावाट क सौर प्लांट स्थापित हुआ है। इससे बिजली का उत्पादन प्रारंभ हो गया है। नीमच जिले को 350 करोड़ लागत के मेडिकल कॉलेज भवन की सौगात भी मिली है।

### पत्रकारों के सवाल के सही जवाब नहीं देते बना

पत्रकार वार्ता मे जिला प्रभारी मंत्री भूरिया ने पत्रकारों के सवाल के सही जवाब नहीँ देते बना जिले मे सिविल अस्पताल मे प्रसूतिओं की आसमायिक मौत चिक्तिसा स्टॉफ नर्सो दुवारा मरीजों से अवैध वसूली मंडी में किसानों को प्याज़ का भाव नहीं मिलना बंगला बगीचा समस्या व अवैध अतिक्रमण से छुड़ाए प्लाटो पर नगर पालिका दुवारा प्रभावी कार्रवाई नहीं भाटखेड़ा डूंगलावदा निर्माण धीन रोड सही से निर्माण नही जैसे जनहित के मुददे पर प्रभारी मंत्री का जवाब सिर्फ देखते है समझते है नोट करती हूँ यही करती रही कोई प्रभावी जानकरी नहीं होने से सवाल के जवाब से बचती रही प्रभारी मंत्री यही था दो साल पुरे होने पर यह समस्या जस की तस बनी हुए है। जनप्रतिनिधि जानते हुए सब मौन है नीमच जिले मे।

इस मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस की 100 सीटों पर मेडिकल की पढ़ाई भी प्रारंभ हो गई है। इस वर्ष द्वितिय सत्र में 200 छात्रमेडिकल की पढ़ाई कर रहे है। नीमच जिले में नवीन उद्योगों की स्थापना के प्रति भी निवेशकों का रुझान बढ़ा है। जिले में 150 नए एम.एस.एम.ई उद्योग स्थापित हुए है। इनमें 118 करोड़ का पूँजी निवेश होकर, 1096 व्यक्तियों को मिला रोजगार मिला है। साथ ही जिले में एमपीआईडीसी के माध्यम से 11 वृद्धद औद्योगिक ईकाईयाँ स्थापित हो रही है। इनमें 5269 करोड़ का पूजी निवेश प्रस्तावित है। और इन औद्योगिक ईकायों में 4935 लोगों को रोजगार मिलेगा। इसके साथ ही जिले एवं प्रदेश मे गत दो वर्षों में पक्की सड़कों का जाल बिछा है।

नीमच में 133 करोड़ की लागत से भाटखेड़ा, नीमच, डूंगलावदा तक डिवायडर युक्त फोरलेन सीसी सड़क निर्माण का कार्य तेजी से जारी है। बघाना, हिगोरिया, ओवर ब्रिज का कार्य भी प्रगति पर है।

इस मौके पर विधायक ओमप्रकाश सखलेचा, ने कहा, कि जावद क्षेत्र में ए.आई.शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य हो रहा है। क्षेत्र के 1400 बच्चें आर्टिफिशियल इंटिलिजेंस की पढ़ाई कर रहे है। जावद क्षेत्र का परीक्षा परिणाम भी उत्कृष्ट रहा है। जावद के सीएम राईज स्कूल को आईएसओ प्रमाण पत्र मिला है। जनसहयोग से निर्मित मोडी की बावड़ी उज्जैन संभाग की सबसे अच्छी बावड़ियों में शामिल है। नीमच से सिंगोली तक 85 कि.मी.नवीन सड़क निर्माण का कार्य प्रारंभ हो गया है। जाट से रतनगढ़ तक की सड़क का निर्माण कार्य भी स्वीकृत होकर शीघ्र प्रारंभ होने वाला है।

मनासा विधायक श्री अनिरूद्ध मारू ने कहा,कि मनासा में 100 बिस्तरीय सिविल हॉस्पिटल प्रारंभ हो गया है। साथ ही क्षेत्र में अनेकों नवीन सड़कों का निर्माण कार्य किया जा रहा है। गांधी सागर से मनासा, जावद, नीमच की उद्धवहन सिंचाई योजना का निर्माण कार्य भी प्रारंभ हो गया है।

नीमच विधायक दिलीप सिह परिहार ने नीमच विधानसभा क्षेत्र में स्वीकृत निर्माणाधीन कार्यो की जानकारी देते हुए बताया, कि नीमच में नवीन मेडिकल कॉलेज भवन का निर्माण हो गया है।

इस कॉलेज में 200 विद्यार्थी मेडिकल की पढ़ाई कर रहे है। नवीन मण्डी चंगेरा में प्रारंभ हो गई है। साथ ही नवीन पायलेट सेंटर भी प्रारंभ हो गया है। भाटखेडा से नीमच डूंगलावदा तक फोरलेन सड़क निर्माण कार्य भी तेजी से जारी है। मल्हारगढ़, जीरन, चीताखेड़ा नवीन सड़क निर्माण का कार्य भी शीघ्र प्रारंभ होने वाला है।

## राशन सामग्री की कालाबाजारी करने वाले 5 आरोपीगण को 4–4 वर्ष का सश्रम कारावास

**नीमच।** राकेश कुमार शर्मा, प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश, नीमच द्वारा राशन की खाद्य सामग्री का परिवहन कर उसको शासकिय उचित मूल्य की दुकान पर नहीं पँहुचाकर उसकी कालाबाजारी करने वाले 05 आरोपीगण (1) जसवंतसिंह पिता मानसिंह चौहान, उम्र–43 वर्ष, निवासी–ग्राम जमुनियारावजी, थाना मनासा, जिला नीमच, (2) सद्दाम मेव पिता उस्मान मेव, उम्र–26 वर्ष, निवासी–जोशी मोहल्ला, मल्हारगढ़, जिला मंदसौर, (3) आसिफ मेव पिता एहमद हुसैन मेव, उम्र–33 वर्ष, निवासी–पुराना बाजार, मल्हारगढ़, जिला मंदसौर, (4) लोकेश उर्फ सोनू पिता कैलाश तिवारी, उम्र–26 वर्ष, निवासी–शांतिनगर, नीमच सिटी, जिला नीमच एवं (5) मेहरबानसिंह पिता पीरूसिंह परमार, उम्र–51 वर्ष, निवासी–ग्राम बेरागढ़, थाना देवास, जिला देवास को धारा 407/120बी भारतीय दण्ड संहिता, 1860 के अंतर्गत 04–04 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 5000–5000रू. अर्थदण्ड से एवं धारा 3/7 आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 के अंतर्गत 02–02 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 5000–5000रू. अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी करने वाले सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी श्री विवेक सोमानी द्वारा घटना की जानकारी देते हुए बताया कि आवेदन–पत्र एवं सूचना प्राप्त होने पर दिनांक 31.01.2022 को ग्राम मांगरोल व बोरदियाकलां स्थित शासकीय उचित मूल्य की दुकान पर कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी जितेन्द्र नागर, डीपीएनयू दीपक महेश्वरी एवं सहायक आपूर्ति अधिकारी आर. एन. दिवाकर की संयुक्त टीम जाँच करने पँहुची, । जहा पर जाँच किये जाने पर राशन सामग्री 190 क्विंटल 86 किलोग्राम गेहूं, 11 किलोग्राम शक्कर एवं 706 किलोग्राम नमक जो कि विनायक रोड़ लाईन्स, देवास के ट्रक क्रमांक एम.पी. 09 एच.जी. 0305 से दिनांक 25.01.2022 को उपरोक्त दुकानों के लिये भर कर भेजा गया था वह वहां पर नहीं पँहुचा हैं। जाँच टीम द्वारा वेयर हाउस नागरिक आपूर्ति प्रदाय केन्द्र पर पहुंचकर भी जाँच की गयी, जिसके अनुसार उक्त खाद्य सामग्री को ट्रक के चालकगण आसिफ व सद्दाम को विनायक रोड़ लाईन्स के कमिशन ऐजेन्ट आरोपीगण जसवंतसिंह एवं लोकेश के माध्यम से भिजवायी गई थी, किन्तु खाद्य सामग्री उक्त राशन दुकानों पर नहीं पहुंचायी गयी। जाँच में दोषी पाये जाने पर आरोपीगण के विरूद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट पंजीबद्ध की गई। विवेचना में यह पाया गया कि श्री विनायक रोड़ लाईन्स, देवास का प्रोपराईटर मेहरबानसिंह परमार एवं दोनो कमीशन ऐजेन्ट जसवंत चौहान व लोकेश तिवारी तथा दोनो चालक सद्दाम खां व आसिफ मेव के द्वारा शासकिय उचित मूल्य की दुकान पर भेजी जाने वाली खाद्य सामग्री का परिवहन किये जाने के दौरान उसकी अफरा–तफरी कर कालाबाजारी कर दी गई तथा उसको दुकानों पर नहीं पँहुचाया गया। विवेचना के दौरान आरोपीगण को गिरफ्तार किया जाकर आवश्यक अनुसंधान के उपरांत अभियोग–पत्र माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

विचारण के दौरान अभियोजन की ओर से न्यायालय में जाँच दल एवं विवेचक सहित सभी महत्वपूर्ण गवाहों के बयान कराकर अपराध को संदेह से परे प्रमाणित कराया जाकर आरोपीगण को कठोर दण्ड से दण्डित किये जाने का निवेदन किया गया। माननीय न्यायालय द्वारा यह पाते हुवे कि आरोपीगण द्वारा आम लोगों के वितरित की जाने वाली खाद्य सामग्री का बेईमानीपूर्ण रूप से दुर्विनियोग किया गया हैं, जिससे की वह खाद्य सामग्री आमजन एवं गरीब लोगों को प्राप्त नहीं हो सकी हैं, इसलिये आरोपीगण को उपरोक्तानुसार कठोर दण्ड से दण्डित किया गया। प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी एडीपीओं श्री विवेक सोमानी द्वारा की गई।

## एक नजर में

### श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन प्रारंभ



**चीताखेड़ा।** स्थानीय नगर में दिनांक 18 दिसंबर 2025 से श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन प्रारंभ हुआ कथा की कलश यात्रा प्रात: 9:00 बजे हनुमान मंदिर से निकली कलश यात्रा श्री बड़ा गणपति मंदिर चारभुजा मंदिर चौक नीम चौक बस स्टैंड होती हुई कथा स्थल पर पहुंची कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष बैंड बाजो के साथ धूमधाम से नाचते गाते हुए जा रहे थे अनेक स्थान पर कलश यात्रा का स्वागत किया गया भागवत कथा प्रवक्ता पंडित कन्हैया दास जी वैष्णव ने प्रथम दिन की कथा में उपस्थित श्रद्धालुओं को बताएं कि भागवत कथा जीवन में अवश्य सुन ना चाहिए ! कलश यात्रा में गांव के गण मान्य नागरिक चल रहे थे कथा के अंत में आरती की गई तत्पश्चात प्रसाद वितरण किया गया।

### आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न



**नीमच।** सिटी स्थित महारानी लक्ष्मी बाई शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में छात्राओं को आत्मनिर्भर, निर्भीक एवं सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से संचालित तीन माह का आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह प्रशिक्षण 16 सितंबर से 16 दिसंबर तक नियमित रूप से आयोजित किया गया। विद्यालय के प्राचार्य बाल किशन बनौधा, प्रभारी शिला मोगिया एवं हेमलता वर्मा के मार्गदर्शन में प्रशिक्षक विक्रम मेरावत द्वारा छात्राओं को आत्मरक्षा की प्रभावी तकनीकों का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान ब्लॉक पंच, पावरफुल किक, विभिन्न प्रकार की पकड़ से स्वयं को छुड़ाने के उपाय तथा आपात स्थिति में दैनिक उपयोग की वस्तुओं को आत्मरक्षा के साधन के रूप में प्रयोग करने की विधियां सिखाई गईं। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम से छात्राओं में आत्मविश्वास, साहस और सुरक्षा के प्रति जागरूकता का विकास हुआ है, जो उन्हें जीवन की चुनौतियों का डटकर सामना करने में सहायक सिद्ध होगा।

### राज्य शिक्षक संघ नीमच जिले का धरना 21 दिसम्बर को गांधी वाटिका में

**नीमच।** राज्य शिक्षक संघ नीमच के जिलाध्यक्ष कंवरलाल नागदा ने प्रेस नोट जारी करते हुए कहॉ है कि म.प्र. में राज्य शिक्षक संघ के प्रांतीय आव्हान पर अपनी प्रमुख मॉगें नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठतता, ई–अटेंडेंस, पुरानी पेंशन एवं केन्द्र के डी.ए. को लेकर नीमच गांधी वाटिका में एक दिवसीय धरना एवं ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम गांधी प्रतिमा को दिया जावेगा। प्रांतीय सचिव मनीष पुरोहित, तीनों ब्लाक अध्यक्ष भरत राठोड़, घनश्याम रावत, परसराम रावत, जिला प्रवक्ता एवं रामलाल चैरड़िया ने जिले के समस्त शिक्षकों से धरने को सफल बनाने एवं अपनी एकता का परिचय देने को कहॉ है ताकि संघ शिक्षकों की मॉगों को हल करवा सकें।

### प्याज के दाम औंधे मुंह गिरने से किसानों में भारी आक्रोश



**नीमच।** जिले की कृषि उपज मंडी में गुरुवार को प्याज के दाम औंधे मुंह गिरने से किसानों में भारी आक्रोश देखने को मिला। मंडी में प्याज के भाव मात्र 200 से 300 रुपये प्रति क्विंटल तक पहुंच गए हैं, जिससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। कम कीमतों से आक्रोशित किसानों ने मंडी कार्यालय का घेराव कर जमकर विरोध प्रदर्शन किया। किसानों का आरोप है कि व्यापारियों की मनमानी और मिलीभगत के चलते जानबूझकर प्याज के दाम गिराए जा रहे हैं, जबकि लागत भी नहीं निकल पा रही है। प्रदर्शन के दौरान किसानों का दर्द छलक पड़ा। किसानों ने कहा कि खेत से लेकर मंडी तक मेहनत और खर्च बढ़ता जा रहा है, लेकिन उचित मूल्य नहीं मिलने से वे कर्ज और आर्थिक संकट की ओर धकेले जा रहे हैं। किसानों ने शासन–प्रशासन से प्याज के न्यूनतम समर्थन मूल्य तय करने, व्यापारियों पर नियंत्रण लगाने तथा मंडी व्यवस्था में पारदर्शिता लाने की मांग की। किसानों का कहना है कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

## 10 लाख का ट्रैक्टर चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

- फोन–पे ट्रांजैक्शन से उज्जैन में पकड़ाए, नीमच पुरानी कृषि उपज मंडी से दिनदहाड़े की वारदात

**नीमच।** पुरानी कृषि उपज मंडी से दिनदहाड़े चोरी हुए 10 लाख रुपए के ट्रैक्टर–ट्रॉली का बघाना पुलिस ने खुलासा किया है। पुलिस ने उज्जैन के बड़नगर से दो आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी का पूरा माल बरामद कर लिया। इस मामले में आरोपियों की ओर से पेट्रोल पंप पर किया गया 'फोन–पे' भुगतान पुलिस के लिए अहम सुराग साबित हुआ।

**कृषि उपज मंडी से दिनदहाड़े चुराया था ट्रैक्टर**–घटना मंगलवार दोपहर करीब 12:30 बजे की है। ग्राम चडौल निवासी किसान सुनील धाकड़ अपनी मूंगफली बेचने मंडी आए थे। उन्होंने अपना नीला स्वराज ट्रैक्टर और ट्रॉली गायत्री कॉम्प्लेक्स के सामने खड़ी की और पास ही फोटोकॉपी कराने चले गए। आधे घंटे बाद जब वह वापस लौटे, तो ट्रैक्टर वहां से गायब था। व्यस्त मंडी इलाके से दिनदहाड़े हुई इस चोरी के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। एसपी अंकित जायसवाल ने मामले की गंभीरता को देखते हुए बघाना थाना प्रभारी राधेश्याम दांगी के नेतृत्व में तत्काल विशेष टीमों का गठन किया।

**सीसीटीवी फुटेज की जांच में दिखे दो संदिग्ध**–पुलिस टीमों ने सबसे पहले मंदसौर और रतलाम हाईवे के टोल नाकों के साथ–साथ आसपास के पेट्रोल पंपों और ढाबों के सीसीटीवी कैमरों की जांच की। फुटेज में दो संदिग्ध व्यक्ति ट्रैक्टर–ट्रॉली को बड़नगर की ओर ले जाते हुए दिखाई दिए।

इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपियों ने बड़नगर रोड स्थित शिव शक्ति पेट्रोल पंप पर डीजल डलवाकर उसका भुगतान फोन–पे से किया था।



### पुलिस ने दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

सायबर सेल की मदद से जब उस ट्रांजैक्शन की डिटेल निकाली गई, तो आरोपियों की पहचान और लोकेशन स्पष्ट हो गई। पुलिस ने तत्काल दबिश देकर आरोपी अल्ताफ पिता याकूब (निवासी उमरिया) और गोपाल पिता कालू भील (निवासी गोदडिया) को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी किया गया ट्रैक्टर–ट्रॉली जब्त कर लिया है। इस मामले में एक अन्य साथी अभी फरार है, जिसकी तलाश जारी है।

## सड़क निर्माण के दौरान श्रमिक की मौत, ट्रैक्टर से गिरकर अंसतुलित होकर गिरा

**नीमच।** नीमच में गांधीसागर अभयारण्य के चीता प्रोजेक्ट क्षेत्र में सड़क निर्माण के दौरान एक हादसा हो गया। इसमें 19 साल के श्रमिक प्रकाश भील की ट्रैक्टर से गिरकर मौत हो गई। घटना बुधवार दोपहर की है। दरअसल, चीता बाड़ा क्षेत्र में मौरम रोड बिछाने के काम के दौरान प्रकाश भील प्रहलाद गुर्जर के ट्रैक्टर से असंतुलित होकर नीचे गिर गया।

**शव को घटना स्थल से हटाने पर ग्रामीणों ने जताई आपत्ति**–घटना की सूचना मिलते ही रामपुरा पुलिस मौके पर पहुंची और वीडियोग्राफी करवाई। पुलिस ने शव को तत्काल सिविल अस्पताल पहुंचाया। हालांकि, परिजनों के पहुंचने से पहले शव को घटनास्थल से हटाने पर ग्रामीणों और परिजनों ने आपत्ति जताई। उन्होंने निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर रामपुरा के शासकीय अस्पताल परिसर में बुधवार दोपहर को धरना दिया।

**पुलिस ने ट्रैक्टर चालक को हिरासत में लिया**–रामपुरा थाना प्रभारी विजय सागरीया ने बताया कि वन क्षेत्र में जंगली जानवरों के खतरे और शव की सुरक्षा के लिए उसे तत्काल अस्पताल लाया गया था। पुलिस ने आरोपी ट्रैक्टर चालक को हिरासत में ले लिया है और वाहन जब्त कर लिया है। मामले की वैज्ञानिक जांच शुरू कर दी गई है।

### मजदूरी के लिए पिपलिया मंडी गए हुए थे पिता

मृतक प्रकाश के परिवार में उसकी गर्भवती पत्नी और एक छोटा बच्चा है। उसके पिता मजदूरी के लिए पिपलिया मंडी गए हुए थे। वन विभाग के अधिकारियों ने हादसे की पुष्टि की है और आश्वासन दिया है कि शासन के नियमों के तहत पीड़ित परिवार को हरसंभव आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी।



## आंगनवाड़ी रसोइयों के मानदेय बढ़ाने की मांग, सौंपा ज्ञापन

- महिला स्वयं सहायता समूह ने प्रभारी मंत्री भूरिया से की मानदेय और बकाया राशि की समस्या के निराकरण की मांग

**नीमच।** महिला स्वयं सहायता समूह संघ, जिला नीमच के प्रतिनिधिमंडल ने महिला एवं बाल विकास मंत्री एवं नीमच जिला प्रभारी मंत्री निर्मला भूरिया के सर्किट हाउस आगमन पर उनका स्वागत किया और आंगनवाड़ी रसोइयों की समस्याओं से अवगत कराया।

प्रतिनिधिमंडल ने ज्ञापन में बताया कि आंगनवाड़ी में कार्यरत महिला रसोइयों का वर्तमान मानदेय मात्र 500 मासिक है, जो अत्यंत कम है। उन्होंने मांग की कि मानदेय बढ़ाया जाए। साथ ही, आंगनवाड़ी में दर्ज छात्रों के अनुसार खाद्य सामग्री और मध्यान भोजन की राशि समय पर जारी की जाए, ताकि बच्चों को पर्याप्त और पोषक आहार मिल सके।

महिला समूह संगठन की जिला सचिव आशा शर्मा ने मंत्री को अवगत कराया कि मध्यान भोजन की पिछले तीन माह की बकाया राशि एवं रसोइयों का मानदेय समय पर नहीं मिलने से स्वयं सहायता समूह कर्ज में डूबते जा रहे हैं और किराना सामग्री खरीदने में कठिनाई हो रही है। उन्होंने महंगाई को देखते हुए भोजन पकाने की लागत राशि बढ़ाने का भी आग्रह किया।

प्रभारी मंत्री भूरिया ने ज्ञापन प्राप्त कर संबंधित विभाग को कार्रवाई के लिए निर्देश देने का आश्वासन दिया। इस संबंध में जानकारी महिला स्वयं सहायता समूह संगठन की जिला प्रवक्ता मैना ओझा ने दी।

**एक नजर** जिले के समग्र विकास के लिए सभी मिलकर प्रयास कर रहे है–प्रभारी मंत्री

## प्रभारी मंत्री द्वारा नीमच में 50 बच्चों को न्यूट्री बास्केट वितरित

**नीमच।** प्रदेश की महिला एवं बाल विकास मंत्री तथा जिले की प्रभारी मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ने कहा,कि नीमच जिले के समग्र विकास के लिए सभी जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी मिलजुलकर प्रयास कर रहे है। व्यापक जनजागरूकता से ही कुपोषण का निवारण संभव है। प्रदेश के विभिन्न जिलो में कुपोषण से मुक्ति के लिए अनेक प्रकार के नवाचार किए जा रहे है। जिसके अच्छे परिणाम सामने आए है। शासन की योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों को मिले, यही सरकार की मंशा है। महिलाएं समाज और परिवार में जागरूकता के लिए कार्य करें। यह बात प्रदेश की महिला एवं बाल विकास तथा नीमच जिले की प्रभारी मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ने गुरूवार को टाउनहाल नीमच में जिला प्रशासन द्वारा आयोजित जीएसटी बचत सम्मेलन एवं बच्चों को न्यूट्री बास्केट वितरण कार्यक्रम को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए कही।




इस मौके पर विधायक जावद ओमप्रकाश सखलेचा, नीमच विधायक दिलीप सिह परिहार, मनासा विधायक अनिरूद्ध मारू, न.पा.अध्यक्ष स्वाति चौपड़ा, जनपद अध्यक्ष शारदाबाई धनगर, जिला अध्यक्ष वंदना खण्डेलवाल, कलेक्टर हिमांशु चंद्रा, जिला पंचायत सीईओ अमन वैष्णव सहित जनप्रतिनिधिगण, अधिकारीगण एवं बडी संख्या में महिलाएं एवं आमजन उपस्थित थे ।प्रभारी मंत्री सुश्री भूरिया ने अपने उदबोधन में कहा, कि कुपोषण से मुक्ति के लिए व्यापक जनजागरूकता जरूरी है। कुपोषण का अमीरी, गरीबी से कोई संबंध नहीं है। बच्चों को पोष्टिक आहार मिले, जिससे वे स्वस्थ्य रहे। इसके लिए माता और बहनों को जागरूक होना होगा। प्रभारी मंत्री ने नीमच जिले में सेम एवं मेम श्रेणी के बच्चों को न्यूट्री बास्केट उपलब्ध कराने संबंधी नवाचार की सराहना करते हुए इसे अनुकरणीय बताया। प्रभारी मंत्री ने बाल विवाह रोकथाम में सभी से सहभागी बनने का आव्हान करते हुए कहा, कि सरकार ने माता, बहनों को आत्मनिर्भर बनाने का काम किया है। उन्हें आरक्षण का लाभ देकर सत्ता में भागीदार भी बनाया है। उन्होने महिलाओं में बचत के सबसे अच्छे गुण की भी सराहना की ।विधायक ओमप्रकाश सखलेचा ने कहा, कि केंद्र सरकार ने जीएसटी पर छूट प्रदान कर, हर परिवार को राहत प्रदान करने का काम किया है। आयकर व जीएसटी में राहत से आमजनों को काफी बचत हो रही है। प्रधानमंत्री जी ने हर व्यक्ति के जीवन में खुशियां बढ़ाने का काम किया है। विधायक दिलीप सिह परिहार ने कहा, कि प्रधानमंत्री जी ने जीएसटी में छूट देकर आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने का प्रयास किया है। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने गत दो सालों में प्रदेश की दशा और दिशा बदलने का काम किया है। स्वदेशी उत्पादों को बढावा मिला है।